तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023

10 फटकार के साथ नसीहत,नहीं माने तो कार्रवाई की चेतावनी



10 टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि हैबतपुर रोड पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने का इंतजार कर रहा है।

### रबी फसलों का पंजीकरण 31 तक

**कैथल।** विभाग द्वारा मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल चलाया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. महावीर सिंह ने बताया रबी फसलों का पंजीकरण 31 दिसंबर तक पोर्टल पर जरूर करवाएं, ताकि उन्हें अपनी फसल मंडी में बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### डीजल चोरी कर भाग रहे चोर गाड़ी को छोड़ फरार

**जींद।** गांव संडील में चोर रात को गाड़ी से डीजल चोरी कर भाग रहे थे कि चोरों की गाड़ी कीचड़ में फंस गई। चोर गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गए। गाड़ी मालिक की शिकायत पर अलेवा थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव संडील निवासी बिजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दोनों गाड़ी बाहर खड़ी थी।

### सौलर प्लांट पर दिया जा रहा 75 प्रतिशत अनुदान

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग हरियाणा द्वारा 1 से 10 किलोवाट क्षमता के हाइब्रिड (बैटरी बैंक के साथ) सोलर पॉवर प्लांट का रेट कॉन्ट्रैक्ट किया गया है तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत अनुसूचित एंव पिछडे.वर्ग की धर्मशालाएं जोकि पंजीकृत हैं, सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए पात्र हैं। सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए 75 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर राशन-बर्तन चोरी

**जींद।** गाव दुडाना में बीती रात चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़ कर राशन तथा बर्तनों को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने आंगनबाड़ी वर्कर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दुडाना की आंगबाड़ी वर्कर करमजीत कौर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**अलेवा।** पंचायती विभाग के पटवारी ने पेगां गांव की सरपंच के बेटे व तीन अन्य पर मारपीट जान से मारने की धमकी व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत बीडीपीओ के माध्यम से पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में बीडीपीओ कार्यालय अलेवा के पटवारी एवं कार्यकारी एसईपीओ संदीप ने पुलिस को शिकायत दी।

### स्कूल को निकली छात्रा संदिग्ध हालात में गुम

**जींद।** गांव गुलकनी से स्कूल के लिए निकली छात्रा के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। गांव गुलकनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से स्कूल के लिए निकली थी।

### घोड़ों की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों ठगे

**कैथल।** तितरम पुलिस ने घोड़ों की खरीद-फरोख्त के नाम पर एक व्यक्ति से 10 लाख रुपये ठगने के आरोप में पांच व्यक्तियों को नामजद किया है। गांव शेरगढ़ के सुखदेव ने तितरम थाना में शिकायत दी कि वह पशु पालन का कार्य करता है। 17 मार्च को गांव खडियाल जिला संगरूर पंजाब निवासी जितेंद्र व शेखू उर्फ बग्गा उसके घर पर पशु खरीदने के लिए आए थे।

---

### सब्जी मंडी गेट पर ताले जड़ धरना देकर आढ़तियों ने की नारेबाजी, सरकार से फीस बढोत्तरी वापस लेने की मांग

# आढ़तियों की हड़ताल से सब्जी मंडियों में पसरा सन्नाटा

#### हड़ताल अनिश्चितकाल में तब्दील करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आल हरियाणा सब्जी मंडी एसो.के आह्वान पर बुधवार को जिलेभर की सब्जी मंडी एक मुश्त टैक्स वृद्धि के विरोध में बंद रही रही। आढ़तियों ने मंडी गेट पर ताले जड़ दिए और धरना देकर सरकार तथा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आढ़तियों ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांग नही मानी तो हडताल अनिश्चितकाल में बदल सकती है और मजबूरी में उन्हें लाइसेंस सरेंडर करने पडेंगे। सब्जी मंडी के आढ़तियों की हडताल से सब्जी उत्पादक किसानों, रेहड़ी, फड़ी तथा मासाखोरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सब्जी मंडी में पहले मार्केट तथा एचआरडी फीस दो फीसदी लगती थी। हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड व एचआरडी ने फीस में 40 फीसदी बढ़ोत्तरी कर दी। जिस पर आढ़ती एसो. ने ऐतराज जताया और विभाग के अधिकारियों के सामने मामले को उठाया लेकिन कोई सकारात्मक रूख नहीं दिखाया। सब्जी मंडी के आढ़तियों ने मंडी में गेट पर अल सुबह ही ताला जड़ दिया था। जिसके बाद आढ़ती टैंट लगा कर धरने पर बैठ गए और सरकार तथा विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। आढ़तियों का कहना था कि फीस बढ़ोत्तरी हर किसी पर प्रभाव पडेग़ा।



जींद। हडताल के चलते खाली पड़ी सब्जी मंडी। फोटो :हरिभूमि




जींद। सब्जी मंडी पर ताला जड़ रोष जताते आढ़ती। फोटो :हरिभूमि

सब्जी तथा फलों के रेट बढ़ जाएंगें। जिससे आम आदमी की जेब भी ढीली होगी। एक मुश्त फीस का प्रभाव आढ़ती पर पडेगा। सरकार को तुरत प्रभाव से इसे वापस लेना चाहिए। सब्जी मंडी कार्य दिवस में अलसुबह गुलजार हो जाती है। किसान सब्जी बेचने आते हैं तो सब्जी तथा फल खरीदने दुकानदार तथा आमजन भी आते हैं। अच्छी खासी भीड़ वहां पर बनी रहती है। दिनभर शेडों के नीचे माशाखोर आजीविका चलाते हैं। वहीं रहेड़ी तथा शहर में फड़ी लगाने वाले भी यहीं से खरीददारी करते हैं। अल सुबह से लेकर देर शाम तक मंडी गुलजार रहती है लेकिन आढ़तियो की हडताल के कारण बुधवार को सब्जी मडी मे सन्नाटा पसरा रहा जींद सब्जी मंडी में आसपास के दर्जनभर गांवों के किसान हर रोज ताजी सब्जी बेचने यहां पर आते हैं। यहीं से रेहड़ी तथा फड़ी वाले, दुकानदार फल तथा सब्जी खरीदते हैं। नारनौंद तथा असंध को भी सब्जी तथा फल यहीं से सप्लाई होती है। सब्जी मंडी के बंद होने के कारण किसानों की सब्जी नहीं बिकी। शहर में सब्जियों की रेहड़ी भी कम दिखाई दी। जो गलियों में फेरी लगाते है। वे भी दिखाई नही दिए। सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान मोहित गुंबर ने कहा कि सरकार को तुरत प्रभाव से फीस बढ़ोत्तरी को वापस लेना चाहिए। सरकार की हठधर्मिता के कारण सब्जी मंडियों की हडताल हुई है। अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो यह अनिश्चितकाल मे तबदील हो सकती है। मार्केट कमेटी के सचिव संजीव जांगडा ने बताया कि सब्जी मंडी से फीस के तौर पर लगभग सवा करोड़ के राजस्व की वसूली होती है। औसतन तौर पर हर रोज 50 हजार का राजस्व सरकार को मिलता है।

#### बढ़ोत्तरी को वापस लिया जाए



व्यापारी नेता महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि सरकार व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। न तो व्यापारियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है और न ही व्यापारियों को सुरक्षा मुहैया करवाई जा रही है। व्यापारियों पर मोटे टैक्स लगाए जा रहे हैं। सरकार को चाहिए कि मार्केट तथा एचआरडी फीस में 40 फीसदी बढ़ोत्तरी को तुरंत प्रभाव प्रभाव से वापस लिया जाए।

#### सुरक्षा के साथ सुविधाएं उपलब्ध करवाए



व्यापारी नेता सतीश गर्ग ने कहा कि सरकार को चाहिए तो व्यापारियों के हित में नीतियां बनाएं लेकिन सरकार व्यापारियों को ही व्यापार छोड़ने पर मजबूर कर रही है। अब सब्जी मंडी में मार्केट तथा एचआरडी फीस मे 40 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी गई है। सरकार इस वृद्धि को वापस ले और आढ़तियों व व्यापारियों को सुरक्षा के साथ-साथ सुविधाएं उपलब्ध करवाए।



कैथल। हड़ताल के चलते खाली पड़ी की सब्जी मंडी। फोटो :हरिभूमि

### कैथलः नए नोटिफिकेशन के विरोध में सब्जी मंडी रही बंद

हरिभूम न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मार्केट फीस में 40 % फीस में बढ़ोतरी के विरोध में बुधवार को सब्जी मंडी के आढ़तियों ने हड़ताल रखी। हड़ताल से मंडी में सब्जियों तथा फलों की कोई खरीद-बिक्री नहीं हो पाई। इससे सब्जी उत्पादक किसानों, दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आढ़तियों का कहना है कि अगर सरकार ने बढ़ी फीस को वापस नहीं लिया तो लाइसेंस सरेंडर करना उनकी मजबूरी होगी। जिला सब्जी मंडी प्रधान वीरेंद्र सतीजा ने बताया कि सरकार की नई मार्केट फीस नीति के विरोध में आज सांकेतिक हड़ताल के रूप में हरियाणा की सभी 114 मंडियां बंद की है जिनमें रेहेड़ी-फड़ी वाले भी उनके साथ में उनके साथ दे रहे हैं कहा कि अगर इसका समाधान नहीं किया तो हरियाणा की सभी मंडिया अनिश्चितकालीन हड़ताल कर देगी जिसमें रेहड़ी फड़ी वाले भी उनके साथ हड़ताल कर रहे हैं। सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान वीरेंद्र ने कहा साल 2014 से 2020 तक कोई मार्केट फीस नहीं थी। वर्ष 2020 में सरकार ने आढ़तियों से एक फीसदी मार्केट फीस तथा एक फीसदी हरियाणा ग्रामीण विकास निधि के लिए लेना तय किया था।

---

# बिजलीकर्मियों ने की नारेबाजी

- निलंबित किए गए कर्मचारियों को जल्द करें बहाल : अभिषेक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

बिजली विभाग की ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सब यूनिट चीका व गुहला के कर्मियों ने मैनेजिंग डायरेक्टर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 2 घंटे की गेट मीटिंग की। इस दौरान राज्य सचिव अभिषेक शर्मा राज्य कमेटी मेंबर बलजिंदर सीड़ा भी उपस्थित रहे। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए सब यूनिट सचिव धर्मवीर व यूनिट उप प्रधान गुरमीत रंगा ने कहा की मैनेजिंग डायरेक्टर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा सीबीओ पंचकूला के जो चार कर्मचारियों को बिना किसी कारण के बिना सूचना दिए जो निलंबित किया है। निगम प्रशासन की इस प्रकार की कार्यवाही निगम प्रशासन के हिटलर शाही रवैया को दिखाती है। जिसकी संगठन कड़े शब्दों में निंदा करता है। अगर निलंबित किए गए कर्मचारियों को जल्द बहाल नहीं किया गया तो संगठन जल्द कोई बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।



गुहला चीका। गेट मीटिंग के बाद सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# दूध, देसी घी, पनीर व दही के 24 सैंपल लिए

- फूड सेफ्टी ऑफिसर ने दूध की डेरियों पर की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ने बुधवार को एसडीएम कपिल कुमार व खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. गौरव शर्मा ने शहर की डेरियों पर छापेमारी कर दूध, देसी घी पनीर व दही के 24 सैंपल लिए। विभाग द्वारा की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया तथा कई दुकानदार दुकान को बंद कर फरार हो गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत लिए गए नमूनों को करनाल की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। जांच के दौरान जो न खाने योग्य दुग्ध पदार्थ मिले उन्हें मौका पर ही नष्ट कर दिया गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉक्टर गौरव शर्मा ने बताया कि बुधवार को की गई छापेमारी के दौरान ऋषि नगर की शिव डेरी से एक पनीर व दो भैंस के दूध के सैंपल लिए गए। चेतन दूध डेरी से एक पनीर व दो दही के सैंपल लिए गए। बिजली कॉलोनी की शर्मा देरी से भी एक पनीर का सैंपल एकत्र किया गया। सुभाष नगर की चाचा भतीजा डेरी से एक पनीर, दो मिक्स मिल्क व तीन देसी घी के सैंपल लिए गए। अमरगढ़ गामड़ी की श्री कृष्णा डेरी से एक पनीर दो देसी घी व तीन मिक्स दूध के सैंपल लिए गए। नवीन मनचंदा पनीर वाले की दुकान से पनीर का सैंपल लेकर उसे सील किया। डॉ गौरव ने बताया कि लिए सभी सैंपल्स को जांच के लिए करनाल की प्रयोगशाला में भेजे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही डेरी वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहना है कि मिलावट करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।



#### मिलावटी की सूचना पर कार्रवाई

बता दें कि वर्तमान में शादियों का सीजन जोरों पर चल रहा है। ऐसे में मिलावटी पनीर व अन्य मिठाइयां बनाए जाने का मामला सामने आया था। मामला उठने के बाद ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कुंभकरणी नींद टूटी तथा यह छापेमारी कार्रवाई की गई है। अब देखना यह होगा कि क्या सैंपल फेल आने वाले दुकानदारों पर विभाग कार्रवाई करेगा या फिर मिलावट का खेल यूं ही चलता रहेगा।

---



कैथल। एसपी उपासना यातायात थाना का निरीक्षण करते। फोटो :हरिभूमि

### एसपी ने महिला व ट्रैफिक थाने का किया निरीक्षण

**कैथल।** एसपी उपासना ने बुधवार को महिला थाना एवं ट्रैफिक थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनो थाना प्रबंधक सहित स्टाफ हाजिर रहा। एसपी द्वारा दोनो थानो में रिकॉर्ड रूम, माल खाना व इमारत का निरीक्षण किया गया। दोनों स्थानों पर एसपी द्वारा पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों को थाना का रिकॉर्ड दुरुस्त करने, सफाई व्यवस्था अच्छी रखने व अनुसंधानकर्ताओं को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते अपराधियों को गिरफ्तार करके शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का काम करने के लिए निर्देश दिए। शिकायतकर्ता की शिकायत पर अविलंब कार्यवाही करने के साथ-साथ लंबित अभियोगो का अति शीघ्र निपटारा कर पीड़ित को समय पर न्याय दिलाने बारे प्रभावी निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी उपासना ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना काम ईमानदारी से करें। ट्रैफिक थाने के कर्मचारियों को निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि जनता के साथ विनम्रता पूर्वक व्यवहार करें। आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी करें। धुंध का मौसम चल रहा है।

# अवैध कॉलोनी पर चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से नियंत्रित क्षेत्र पूंडरी के अंतर्गत पड़ने वाली राजस्व संपदा पूंडरी में पनप रही अवैध कालोनी पर तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार जोगिंद्र धनखड़ बतौर ड्यूटी मजिस्ट्र तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निमार्णों को हटाने के लिए जेसीबी मशीन सहित घटना स्थल पर पहुंचा और अवैध रूप से बनाई गई सीवरेज नेटवर्क को हटाने का कार्य शुरू किया गया। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में पूंडरी में भू-मालिको द्वारा बिना विभागीय अनुमति के निर्माण करने का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। पपरंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा न तो मौके पर बनाई जा रही अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया।



पूंडरी। अवैध कालोनी में जेसीबी से कार्रवाई करते। फोटो :हरिभूमि

### पार्षदों के धरने को राजनेताओं व खाप प्रतिनिधियों का मिल रहा भारी समर्थन

- नगर परिषद कार्यालय परिसर में पार्षदों का धरना छठे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नगर परिषद कार्यालय परिसर में नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला की अध्यक्षता में दस पार्षदों के साथ चल रहा धरना छठे दिन में प्रवेश कर गया। अब पार्षदों के इस धरने को समर्थन देने को लेकर राजनेता भी आगे आने लगे है। राजनेताओं द्वारा कहीं भी अपने संबोधन में नगर परिषद में चल रहे धरने का जिक्र जरूर किया जाता है। नेताओं द्वारा कहा जाता है कि नरवाना की नगर परिषद में फैमिली आईडी, परिवार पहचान पत्र में धांधली चली हुई है और विकास कार्योंर् के लगने वाले टेंडर में दस पार्षदों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जिसके विरोध में दस पार्षद पिछले छह दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं। इतना ही नहीं वह सरकार से भी मांग करते हैं कि इन पार्षदों की मांगों को माना जाना चाहिए और तुरंत प्रभाव से समस्या का समाधान करवा देना चाहिए ताकि समय रहते यह पार्षद भी अपने वार्ड में अच्छे से विकास कार्य करवा सकें। धरने की अध्यक्षता कर रहे नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने बताया कि कांग्रेस के दिग्गज नेता व राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दिल्ली में बैठे हुए भी बुधवार को फोन से संपर्क कर कहा कि वह हर कदम में उनके साथ है।

---

### ग्रामीणों की 20 साल पुरानी मांग पूरी, पानी की किल्लत मिटेगी

# भगवानपुरा में 1.80 करोड़ से बनेगा जलघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

हलके के भगवानपुरा गांव की 20 साल पुरानी मांग पूरी हुई है। गांव में पीने के पानी की किल्लत से परेशान गांव के लोग जलघर बनाने की मांग कर रहे थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिशन के तहत जन स्वास्थ्य विभाग ने जलघर का निर्माण कार्य किया जाएगा। 1. 80 करोड़ रुपये इसके निर्माण सहित अन्य कामों पर खर्च किए जाएंगे। दरोली खेड़ा के जलघर से पीने का पानी भगवानपुरा पहुंचता है। टैंक लगभग 25 लाख लीटर पानी की क्षमता का बनेगा। लगभग 3.5 एकड़ में इसका निर्माण होगा। बरवाला ब्रांच नहर का पानी जलघर में बनने वाले टैंक में पहुंचेगा। ग्रामीणों ने कहा कि सर्दी के मौसम में पानी की खपत कम होती है। गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले जलघर का निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। गर्मी के मौसम में पानी की खपत अधिक होती है।

सरपंच प्रतिनिधि सुशील राणा, पूर्व सरपंच सूबे सिंह, रमेश राणा, जयप्रकाश सैनी, वीरभान शर्मा, प्रीतम श्योकंद, सतबीर श्योकंद ने कहा कि गांव में पीने के पानी की किल्लत है जिसको लेकर गांव में जलघर बनाने की मांग 20 साल से की जा रही है। यह मांग अब पूरी हो गई है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिशन के तहत ये जलघर बन रहा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजना में हलके के कई गांव बीती सरकार में केंद्र सरकार द्वारा शामिल किए गए थे।



उचाना। जलघर का निर्माण कार्य शुरू होने की जानकारी देते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

#### बरवाला ब्रांच से पहुंचेगा पानी

जनस्वास्थ्य विभाग उचाना के एसडीओ सुनीता देवी ने बताया कि भगवानपुरा गांव में जलघर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। 1. 80 करोड़ रुपये की लागत से जलघर सहित अन्य काम पर खर्च होंगे। बरवाला ब्रांच नहर से पानी पाइप लाइन से जलघर में पहुंचेगा।



जींद। डीसी को ज्ञापन सौंपते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती करने की मांग उठाई

**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी चिकित्सकों ने बुधवार को मांगों को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मुलाकात की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। डीसी ने एसोसिएशन पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन को सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से स्पेशल तौर पर मांग की गई कि नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन व अन्य पदाधिकारी चिकित्सकों को भी प्रोटोकोल के हिसाब से हर कार्यक्रम में पूरा मान-सम्मान दिया जाए। ज्ञापन सौंपने से पहले हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन ने प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा की अध्यक्षता में बैठक की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुरूप विभिन्न जिलों में विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ कैडर के तत्काल कार्यान्वयन करने की आवश्यकता है। एसोसिएशन आईएचआईपी मानदंडों के अनुसार प्रवेश वेतन प्रगति और पदों के सृजन के साथ एसीपी के साथ सेवारत विशेषज्ञ डॉक्टरों की वरिष्ठता को 2, 6 और 13 साल तक बनाए रखने का प्रस्ताव करता है।

## खबर संक्षेप

### गणित ज्ञान गतिविधि का किया आयोजन

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल में बुधवार को छठी कक्षा के बच्चों के लिए दैनिक जीवन में भोजन के साथ गणित का ज्ञान गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमे छठी कक्षा के सभी छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी छात्रों ने अपने द्वारा बनाए गए व्यंजनों को गणितीय आकार में रखकर की। उन्होंने विजेता छात्रों को सम्मानित किया।

### मेवात दिवस पर खापों को किया सम्मानित

**जींद।** इंडिया इस्लामिक सेंटर लोधी रोड देहली में मेवात सभा द्वारा मेवात दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी वर्ग को आमंत्रित किया गया। जिनमें माजरा खाप पंचायत जींद, जुलाना बाराह खाप पंचायत जोगिंदर सिंह नैन, आजाद सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। खाप प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर ने बताया कि इस सम्मेलन में सभी धर्मों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### बुडायन के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**उचाना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन की कक्षा छठीं, सातवीं एवं आठवीं, नौंवी एवं 11वीं के 150 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कुरूक्षेत्र में भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय डायरी अनुसंधान, कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र ले जाया गया। राष्ट्रीय डायरी अनुसंधान में गाय, भैंसों की भारत में पाए जाने वाली विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताया गया। प्रदर्शनी संचालक ने संस्थान की अब तक की उपलब्धियों से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया।

### आज उचाना पहुंचेंगी आप की बदलाव यात्रा

**उचाना।** आप व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, लोकसभा सचिव राजरूप छातर ने बताया कि 21 दिसंबर को हलके में महेंद्रगढ़ से शुरू हुई बदलाव यात्रा पहुंचेंगी। इसका जोरदार स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार एवं प्रदेश सीनियर उप प्रधान अनुराग ढांडा की अगुवाई में महेंद्रगढ़ से यात्रा शुरू की है।

### सट्टा खाईवाल करता एक काबू, नकदी बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने एक युवक को सट्टा खाईवाल करते काबू कर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची तथा 14,200 रुपये बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए सटाफ को सूचना मिली थी कि रोहतक रोड पर गांव बुआना निवासी सोनू सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते सोनू को काबू कर लिया।

### बताए सोशल मीडिया के नुकसान और फायदे

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान को बताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ पानीपत द्वारा प्रस्तुत किया गया। दीपिका और आकांक्षा ने बच्चों को सोशल मीडिया की जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर आजकल बच्चों की मौजूदगी और इंवॉल्वमेंट काफी बढ़ गई है।

### वित्तीय साक्षरता और विश्लेषण सेमिनार

**जींद।** जाइट कॉलेज में वित्तीय साक्षरता और विश्लेषण सेमिनार का आयोजन किया गया। एलपीपी के सीईओ और संस्थापक हिमांशु वर्मा ने निफ्टी, शेयर, डिबेंचर, म्यूचुअल फंड, निवेश में रुझान, निवेश से जुड़े जोखिम और भविष्य के विश्लेषण जैसे विषयों का समावेश इस विषय पर व्यापक चर्चा का सुझाव देता है।

### महिला योग शक्ति दिवस समारोह 24 दिसंबर को

**जींद।** भारतीय योग संस्थान श्री बनखंड महादेव जींद जिला ईकाई की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय उप प्रधान होशियार सिंह ने की। बैठक में आगामी 24 दिसंबर को श्री बाला जी मंदिर पार्क रोहतक रोड जींद पर मनाए जाने वाले महिला योग शक्ति दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

## सफीदो रोड पर चला नप का अतिक्रमण, पॉलीथिन व कूड़ामुक्त अभियान

# फटकार के साथ नसीहत, नहीं माने तो कार्रवाई की चेतावनी

### नप की कार्रवाई से खुला दिखाई दिया सफीदों रोड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नगर परिषद द्वारा शहर को अतिक्रमण, पॉलीथिन तथा खुले में कूडा डालने से मुक्त कराने का अभियान तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। नप अमले ने बुधवार शाम को चीफ सैनेटरी इंसपेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में सफीदों गेट से सफीदों रोड पर अभियान चलाया। सड़क पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया। दुकानों के बाहर डाले गए छप्पर तथा तिरपाल हटवाए गए। रेहड़ी तथा फड़ी वालों का स्थान भी निर्धारित किया गया। पॉलीथिन तथा खुले में कूड़ा न डालने की नसीहत दी गई। दुकानदारों तथा रेहड़ी फड़ी वालों को शहर तथा आसपास के इलाके को स्वच्छ न रखने, पालीथिन, अतिक्रमण को लेकर फटकार भी लगाई। हिदायतों की अनेदेखी करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। शहर को अतिक्रमण, पालीथिन तथा कूडा मुक्त सडक अभियान को लेकर पहले शहर की रेकी नप अधिकारियों द्वारा की जा रही है। फिर उन स्थानों का चिन्हित कर शाम को कार्रवाई की जा रही है। जिन स्थानों पर नप अमले ने दस्तक दी। उनमें पटियाला चौक, रेलवे रोड तथा सफीदों गेट शामिल है। कार्रवाई के बाद तीनों स्थानों पर सड़के खुली नजर आई। रेहड़ी तथा फड़ी तय दायरे तक सीमित रही सामान भी बाहर नही दिखाई दिया।



जींद। दुकानदारों को समझाते सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल।


फोटो : हरिभूमि

### आदेशों की अवहेलना पर कार्रवाई

नप अमला शाम को सफीदों गेट पर पहुंचा। अमले ने दुकानदारों को सामान अंदर रखने की अपील की। कुछ दुकानदारों ने बाहर छप्पर लागए हुए थे। उन्हें हटाने के लिए कहा। रेहड़ी तथा फड़ी वालों को सड़क से हट कर अपना कार्य करने को कहा। स्वच्छता न मिलने तथा पालीथिन को लेकर फटकार भी लगाई। कूडा खुले में न डालने तथा पॉलीथिन का प्रयोग न करने की नसीहत दी। भविष्य में आदेशों अवहेलना करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

### सड़कों से निकलना हो रहा था दूभर

सफीदों रोड पर सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण होने के कारण सड़क पर वाहन गुजरने की जगह नही बच रही थी। शाम को तो हालात ओर 'यादा बद्धतर हो रहे थे। वाहनों का आवागमन ज्यादा होने के कारण हादसे होने का खतरा भी बना रहता है। अतिक्रमण के साथ लोगों को अपने वाहन सड़क पर ही छोड़ने पड़ रहे थे। जिसके कारण जाम के हालात भी यहां पर बने रहते थे। सफीदों रोड शहर का व्यस्त मार्ग है। नप द्वारा कार्रवाई से वाहन चालकों तथा आमजन ने भी राहत की सास ली है। नगर परिषद के सैनेटरी इंसपेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि अतिक्रमण करना हादसों को न्यौता देने वाली बात है। शहर को स्वच्छ रखना हर व्यक्ति का फर्ज है। पॉलीथिन प्रतिबंधित है। फिर भी लोग प्रयोग करने से बाज नही आ रहे हैं। लोगो का समझाया जा रहा है। अगर फिर भी पालना नही करते तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिसमे जुर्माने के साथ पुलिस कार्रवाई भी शामिल है। वाहनों का आवागमन ज्यादा होने के कारण हादसे होने का खतरा भी बना रहता है।



## गांव कंडेला व जीतगढ़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- जींद विधायक ने दोनों गांवों में यात्रा का किया भव्य स्वागत
- जरूरतमंद के लिए योजनाओं के लाभ की गारंटी : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गांव कंडेला व जीतगढ़ में पहुंची। यहां जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को केंद्र व रा'य सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्त्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई।

जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा असल में जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गांरटी है। भारत व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है। यात्रा का उद्देशय मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीबों के घर तक पहुंचाना है। कार्यक्रमों में पहुंचने वाले आयुष्मान लाभार्थियों ने योजना को अपने जीवन के लिए एक तरह से वरदान बताया।

## हवा सिंह-राजरानी वरिष्ठ उपप्रधान नियुक्त

- जजपा ने जारी की जींद हलके की कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जननायक जनता पार्टी ने संगठन में विस्तार करते बुधवार को जींद हलके की कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कार्यकारिणी की घोषणा पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अजय चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, पार्टी महासचिव दिग्विजय चौटाला व जिलाध्यक्ष कृष्ण राठी से विचार विमर्श कर जारी की है। हलका प्रधान सुनील कंडेला ने बताया कि कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपप्रधान के पद पर हवा सिंह अमरहेड़ी व राजरानी जलालपुर को नियुक्त किया है। उपप्रधान के पद पर सुरेश बूरा खोखरी, नत्थू राम अहिरका, मनबीर सांगवान जुलानी, सत्यवान रेढू कैरखेड़ी, सुमन रानी कंडेला, रोहताश काला मांडो को नियुक्त किया। महासचिव के पद पर नरेंद्र रेढू बोहतवाला, रमेश पहल जलालपुरखुर्द, प्रवीन पान्नू झांझ कलां, महताब सिंह अहलावत रूपगढ़, नवदीप मोर जाजवान, जगदीश कुंडू अहिरका को नियुक्त किया है। इसके अलावा सचिव पद पर अमरजीत गिल सीसर, जितेंद्र गोयत झांझ खुर्द, माईराम रेढू तलोडा, दर्शन रेढू कंडेला, चांद सिंह रेढू मनोहरपुर, राजेंद्र चहल बड़ोदी को नियुक्त किया। संगठन सचिव के पद पर पंकज दालमवाला को जिम्मेदारी सौंपी है।


जींद ।बैठक में भाग लेते जजपा पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### उचाना से नगूरां जाने वाली बस का बनाया शेड्यूल

**उचाना।** उचाना से शुरू हुई नगूरां तक परिवहन बस सेवा के लिए शेड्यूल बनाया है। उचाना से 2.15 पर बस स्टैंड से बस रवाना होगी। बस बड़ौदा, रोजखेड़ा, घोघड़िया, कसूहन, भौंसला, धनखड़ी, शाहपुरा से नगूरां तक पहुंचेंगी। डीआई जींद राजबीर ने बताया कि नगूरां से सुबह आठ बजे बस रवाना होगी। नगूरां से शाहपुर, धनखड़ी, भौंसला, कसूहन, घोघड़िया, रोजखेड़ा, बड़ौदा से उचाना बस स्टैंड पहुंचेंगी। उचाना से नगूरां तक यात्रियों, विद्यार्थियों, ग्रामीणों द्वारा जो मांग की जा रही थी वो मांग पूरी की गई है। मंदीप घोघड़िया, सुरेंद्र, बलवान, जगबीर ने कहा कि उचाना से नगूरां आने-जाने के लिए बस सेवा नहीं है। सुबह 8 बजे बस सेवा शुरू की गई थी। दोपहर कोई बस सर्विस इस रूट पर न होने से यात्रियों, ग्रामीणों, विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब उचाना से नगूरां के लिए दोपहर को बस सर्विस शुरू होने से राहत मिलेंगी।

## 63 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

- जुलाना खंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

डीपीसी कार्यालय में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए लगाए गए मेडिकल जांच शिवर में 63 दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट, यूडीआईडी, रेलपास, बस पास व अन्य सहायक उपकरण दिव्यांग बच्चों को दिए गए। शिविर में जुलाना खंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल हुए। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डा. संतलाल, डा. दिनेश, अनिल कुमार सोढ़ी, डा. वैशाली ने शामिल होकर निरीक्षण किया। इसमें मानसिक मंदता के विद्यार्थियों की प्रो. अल्का सेठ व डा. सकंल्प ने की। डीपीसी कार्यालय में यह शिविर 23 दिसबंर तक जारी रहेंगे। इसमें जिले के हर खंड से अलग-अलग दिन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए शामिल होंगे। इसमें स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारी शामिल होकर दिव्यांग छात्रों को जरूरत के अनुसार उपकरण देंगे व उनके कार्ड बनाएंगे। प्रत्येक दिव्यांग छात्र की यूडीआइडी मेडिकल शिविर के दौरान ही प्रदान किए जा रहे हैं। इन शिविरों में श्रवण बाधित दिव्यांग छात्रों को भी शुद्ध स्वर ऑडियोमैत्री के आधार पर मेडिकल सर्टिफि केट प्रदान किया जाएगा।


जींद। शिविर में जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि


एडवेंचर कैंप में हिस्सा लेते स्वयं सेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

### एडवेंचर शिविर में लिया स्वयंसेवकों ने हिस्सा

**उचाना।** हरियाणा सरकार एवं उच्चतर शिक्षा विभाग की सान्निध्य में हरियाणा एनएसएस सेल के द्वारा एक एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। हरियाणा के अलग-अलग महाविद्यालयों से 98 छात्राओं ने हिमाचल के मनाली में आयोजित एडवेंचर कैंप में भाग लिया। स्वयं सेविकाओं की देखरेख के लिए 7 पीओ (प्रोग्राम ऑफिसर) भी मौजूद रही। सीआरएसयू जींद के महाविद्यालयों में से 15 स्वयं सेविकाओं ने हिस्सा लिया। 2 स्वयं सेविका एवं 1 पीओ सनानत धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना से भी कैंप में पहुंची। 10 दिनों तक चले इस कैंप में स्वयं सेविकाओं ने रस्सी से नदी पार करना, रस्सी से पहाड़ों पर चढ़ाना एवं उतरना एवं 15 किलोमीटर की पैदल यात्रा सहित विभिन्न प्रकार की साहसिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अपना उच्च प्रदर्शन प्रदर्शित किया।

## बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

- 11 केवी फिडरों को ठेके पर दिए जाने पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बुधवार को कर्मचारियों ने दो घंटे के लिए रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान चार बिजली कर्मियों को निलंबित किए जाने पर रोष जताया गया। प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के तौर पर सुरेश राठी व सकसं जिला प्रधान धर्मबीर भंभेवा, संजीव ढांडा रहे। कहा कि जिस प्रकार का रवैया यूएचबीवीएन ने चार सीबीओ को बेवजह प्रताड़ित करने के लिए निलंबित किया है, उसको आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगा और जब तक उन कर्मचारियों का निलंबन आदेश रद नहीं होता तब तक हैड ऑफिस पंचकूला पर लगातार आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि 11 केवी फिडरों को लाइन लॉस का हवाला देते हुए जिस प्रकार उन फिडरों को ठेके पर देने की बात कही गई है, उस से कर्मचारियों में रोष है। लगातार कर्मचारियों की कमी झेलते हुए बिजली कर्मचारी लगातार दबाव में कार्य कर रहे हैं। फिर भी फिडरों पर लाइन लॉस का हवाला देते हुए जिस प्रकार ये फिडरों को ठेके पर देने के ऐसे तुगलकी फरमान जारी कर रहे हैं, उसे किसी भी सूरत में सहन नही किया जाएगा। यूनियन 23 दिसंबर को राज्य कार्यकारिणी की बैठक में अहम निर्णय लेकर आंदोलन की घोषणा करेगी।



जींद। रोष प्रदर्शन करते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि


दुर्जनपुर स्कूल में अतिरिक्त उपायुक्त जींद, सीएमजीजीए का स्वागत करते हुए।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर छात्रों को टिप्स

**उचाना।** अतिरिक्त उपायुक्त जींद डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ, सीएमजीजीए माधुर्य तरफदार दुर्जनपुर गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। यहां पर विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। विद्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए अध्यापकों एवं विद्यालय में उपस्थित गांव के मौजीज व्यक्तिगण को आवश्यक सुझाव दिए। एडीसी जींद ने बताया कि मानव की कंप्यूटर की तरह ही शॉर्ट टर्म, लांग टर्म मेमोरी होती है जिस भी विषय की हम बार बार दोहराई करते है तो वह शॉर्ट टर्म से लांग टर्म मेमोरी में चला जाता है। इसलिए हमें विषय वस्तु को बार-बार दोहराना चाहिए। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाना चाहिए ताकि वो अध्यापक व माता पिता के साथ हर बीती बात शेयर कर सके।

## चिकित्सा अधिकारी ने किया पांच उपस्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

# टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अलेवा

सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल के निर्देशानुसार बुधवार को स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने नगूरां पीएचसी चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने तथा नियमित टीकाकरण के तहत नगूरां, चांदपुर, मांडी खुर्द, रायचंदवाला, शाहपुर आदि उप स्वास्थ्य केद्रों का निरीक्षण किया। चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा यादव ने रायचंदवाला गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं व लोगों को 0-5 वर्ष तक के बच्चों को जानलेवा बीमारियों जैसे काली खांसी, गल घोटू, दिमागी बुखार, टेटनेस, पोलियो, दस्त, खसरा, निमोनिया तथा टीबी आदि रोकथाम के लिए टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। कहा कि वह गर्भवती महिलाएं जिनमें खून की कमी है, सर्दी के मौसम में पालक, बथुआ, मैथी, गाजर, चुकंदर, हरी पत्तेदार सब्जियां, गज्जक तथा फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम युक्त गोलियों का सेवन करें ताकि उनका स्वास्थ्य स्वस्थ रह सके। जिन महिलाओं में खून की कमी है उनके लिए पीएचसी नगूरां पर आइपीडी की सुविधा के अंतर्गत आयरन सुक्रोज के टीके उपलब्ध है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर गलघोटू तथा टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली औपचारिक सुविधाएं जैसे खून, बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, बल्गम की जांच व प्राथमिक उपचार की सुविधा आयुष्मान कार्ड धारक के लिए मुफत में उपलब्ध है। अगर पीएचसी में बीमारी के ईलाज के लिए आएं तो साथ में आयुष्मान कार्ड लेकर आएं ताकि स्कीम का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों को मिल सके।


लोगों को जागरूक करते चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा यादव व नरेंद्र ढांडा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा, स्वास्थ्य कर्मचारी कृष्ण रेढू, संजय कुमार, विनोद कुमार तथा एएनएम सविता, नवीन, सुषमा, रीनू शर्मा, संतोष, सुनिता के अलावा आशा वर्कर पूनम, रीना, मुकेश, धर्मदेई, राजेश तथा केलो, सुदेश, मुन्नी, अवनेश आदि आंगनबाड़ी वर्कर उपस्थित थी।


ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग डिप्टी सीएम को बुक्का भेंट कर स्वागत करते।

### डिप्टी सीएम से मिला उचाना का ब्राह्मण समाज

**उचाना।** उचाना ब्राह्मण समाज डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से चंडीगढ़ आवास पर दाड़न ब्राह्मण चौबीसी के प्रधान अनिल शर्मा, भगवान परशुराम धर्मशाला उचाना के प्रधान षिराम डूमरखा, खेड़ा खाप के प्रधान सतबीर शर्मा कहसून की अगुवाई में मिला। भगवान परशुराम धर्मशाला उचाना में डिप्टी सीएम के कार्यक्रम को लेकर ब्राह्मण समाज मिला। जनवरी माह में मकर संक्रांति के पर्व के बाद डिप्टी सीएम का कार्यक्रम तय होगा। कार्यक्रम को लेकर अभी तारीख तय नहीं हुई है। अनिल शर्मा, ओमदत्त शर्मा ने कहा कि जब डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सांसद हिसार थे तो भी भगवान परशुराम धर्मशाला उचाना के लिए 16 लाख रुपए की ग्रांट दी थी। अब ब्राह्मण समाज द्वारा उनका कार्यक्रम धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। पूरे हलके से ब्राह्मण समाज के लोग कार्यक्रम में पहुंचेंगे। गांव-गांव जाकर ग्रामीण की तारीख तय होने के बाद निमंत्रण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### वन सेल्फी फोर ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम प्रारंभ

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत कैथल पुलिस द्वार विभिन्न प्रोग्रामों द्वारा आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को एसपी उपासना ने सेल्फी लेते हुए वन सेल्फी फोर ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम की शुरूआत की। एसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिससे समाज को जागरूक करने की जरूरत है।

### अधिवक्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन

**कैथल।** वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के सभागार में जिला बार एसोसिएशन कैथल के अधिवक्ताओं और बाल कल्याण समिति के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पैनल अधिवक्ता अरविन्द खुरानिया ने उपस्थितजनों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के बारे में जागरूक किया।

### मतदाता सूची में 3 जनवरी तक जुड़वाएं नाम

**कैथल।** गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम कपिल कुमार ने बताया कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा सोमवार को प्रकाशित किया गया है। मतदाता सूची के प्रारूप की एक प्रति जिला प्रशासन की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### एंटी नारकोटिक सेल द्वारा चीका से एक आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए चीका से एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 740 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सैल के एसआई बलराज सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान पटियाला चीका रोड पर मौजूद थी। पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि भागल निवासी कर्मबीर नशीला पदार्थ चुरा पोस्त बेचने का धंधा करता है।

### डीएवी स्कूल जींद के 30 छात्रों ने जीते पदक

**जींद।** डीएवी के राज्य स्तरीय खेलों में डीएवी पब्लिक स्कूल जींद के छात्रों ने पदक जीतने का रिकार्ड कायम किया। स्कूल के 30 छात्रों ने जूडो, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। यह खेल प्रतियोगिताएं 18 से 19 दिसंबर 2023 को डीएवी स्कूल में आयोजित की गई।

### बच्चों ने जल संरक्षण पर निकाली प्रभातफेरी

**अलेवा।** हसनपुर गांव के आरोही माडल स्कूल में जल जीवन मिशन व जल है तो कल है विषय पर जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एक पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता किया गया। अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या ममता शर्मा ने की तथा मुख्य रूप से खंड समन्वयक ईश्वर लोहान तथा सामाजिक शास्त्री राजेंद्र कालता ने भाग लिया।

### एसडी स्कूल में विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**जींद।** एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के नए भवन में छात्रों ने विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें कक्षा 9से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम स्थान पर शुभम, रजत, आशीष व शुभम रहे। द्वितीय स्थान पर आदित्य, आक्षित, अलोक और अंकुश रहे। तीसरे स्थान पर नीतेश, हरदीप, पवन और हिमांशु रहे।

### लाल डोरा प्रोपर्टी धारकों के लिए चलेगा अभियान

**जींद।** सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों के लिए 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। भूमालिक पोर्टल पर संपत्ति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि कानूनी दस्तावेज उपलब्ध करवा कर आधुनिक तकनीकी से गांवों में विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

---

### जनसंकल्प यात्रा के दौरान दुसेरपुर में सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

# सुल्तानिया करतारपुर में ट्यूबवेल व पाइप लाइन बिछाई जाएगी : विधायक

सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। हलके वासियों को इस यात्रा में जरूर पहुंचना चाहिए और अपना रूका हुआ कार्य मौके पर जाकर करवा सकते हैं। सभी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर स्कीमों की जानकारी दे रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आए। विधायक ईश्वर सिंह गांव दुसेरपुर व सुल्तानिया करतारपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों की जानकारी भी हासिल की है। केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव दुसेरपुर में 9 लाख 94 हजार रुपए की धनराशि से चाणचक रोड से शमशान घाट तक सड़क का निर्माण करवाया गया। इसके अलावा 6 लाख 42 हजार रूपए से रतन सिंह के खेत का रास्ता, 18 लाख रुपए से खरका रोड से जंगल नजदीक मट कालिया सड़क, 86 लाख रुपए से दूसेरपुर से मट कालिया सड़क निर्माण कार्य करवाया गया। इसी प्रकार दूसेरपुर से हेमू माजरा सड़क पर लगभग 87 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी, इसके निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि गांव सुल्तानिया करतारपुर में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से ट्यूबवेल और पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने गांव दुसेरपुर स्कूल में 30 लाख 31 हजार रुपए की लागत से हो रहे विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर बीडीपीओ राजबीर सिंह, सरपंच दर्शन सिंह आदि उपस्थित रहे।



गुहला-चीका। दुसेरपुर में सड़क निर्माण का किया शिलान्यास करते विधायक ईश्वर सिंह। फोटो : हरिभूमि



### जन संवाद कार्यक्रम का उठाएं लाभ

**कैथल।** विधायक लीला राम ने कहा कि हलके वासी गांवों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का लाभ उठाएं। यदि किसी ग्रामीण के परिवार पहचान पत्र में कोई त्रुटि है तो वह भी यात्रा में पहुंचकर अपने परिवार पहचान पत्र को दुरूस्त करवा लें। ऐसा मौका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिया है और वो भी आपके घर द्वार पर। विधायक लीला राम गांव नंदसिंह वाला तथा मानस पट्टी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्तियों को केन्द्र व राज्य द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, ताकि व्यक्ति देश को विकसित बनाने में अपना भरपूर योगदान देकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार कर सके। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्ष में घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।



### खेड़ी साकरा तथा गांव बंदराना में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**ढांड।** गांव खेड़ी साकरा तथा गांव बंदराना में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक तेजबीर सिंह पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई। पूर्व विधायक तेजबीर सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में व्यवस्था परिवर्तन कर देश को खुशहाल बनाने का काम किया है। आज पूरे संसार में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। आज हमारा देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हो रहा है जो हम सभी देशवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नक्शे कदम पर चलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी हरियाणा प्रदेश में पर्ची और खर्ची की प्रथा को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देकर एक मिसाल कायम की है, जिसके कारण आज प्रदेश का गरीब एवं उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त युवा रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।



### विधायक गोलन ने विधानसभा में पूंडरी हल्के की आवाज को जोरदार तरीके से उठाया

**पूंडरी।** पूंडरी हल्के से निर्दलीय विधायक रणधीर सिंह गोलन ने हल्के के अनेक मुद्दों को लेकर विधानसभा सदन के सामने जोरदार तरीके से रखे। उनकी मांग पर एक बार स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज व विपक्ष आमने-सामने भी हो गया। विधायक गोलन ने पूंडरी को सब-डिवीजन का दर्जा देने की मांग उठाई, कौल में सिंचाई विभाग का नया रेस्ट हाऊस बनाने की मांग रखी और कहा कि जो वहां रेस्ट हाऊस है, वह अंग्रेजों के समय का है जो जर्जर हो चुका है। जिसके लिए सरकार के पास फाईल भेजी हुई है। जिसके लिए ग्रांट जल्दी जारी की जाए। जब विधायक ने गांव पबनावा में पीएचसी खोलने की मांग की, तो उसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने जानकारी देनी शुरू की तो, विपक्ष के लोगों ने बोलना शुरू कर दिया। जिससे दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया।

## बेटियां ईश्वर का अनमोल तोहफा होती है, इनकी कद्र करनी चाहिए : रोबिन

- 3 परिवारों में बेटियों के जन्म लेने पर उपहार स्वरूप भेंट की 5100-5100 रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

समाजसेवी रोबिन गोलन द्वारा पूंडरी के 3 परिवारों में बेटियों के जन्म लेने पर 5100-5100 रुपए की राशि उपहार में भेंट की। उन्होंने बेटियों के परिजनों से उनकी परवरिश अच्छे से करने का आह्वान किया और बेटियों को प्रभु का वरदान समझकर उनको समान हक व सुविधाएं देने की अपील भी की। आज अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत में रोबिन गोलन ने कहा कि बेटियां ईश्वर का अनमोल तोहफा होती हैं, इनकी कद्र करनी चाहिए और बेटी के जन्म पर भी दसूटन (कुंआ पूजन जैसे कार्यक्रम होने चाहिए क्योंकि बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए और बेटियों को भी सम्मानजनक जिंदगी देनी चाहिए और खुशी-खुशी पालना चाहिए। आज पूंडरी शहर में सुशील पूत्र भागचंद इंद्रा नगर, सैनी मोहल्ला पूंडरी, संदीप पुत्र सुभाष सैनी, निवासी वार्ड-12 पूंडरी सैनी मोहल्ला और अनिल कुमार पूत्र राजपाल कश्यप मोहल्ला कैथली गेट पूंडरी के घर कन्या ने जन्म लिया, समाजसेवी रोबिन गोलन द्वारा सभी बेटियो को 5100 की राशि उपहार में दी। गौरतलब है कि पुंडरी शहर में जिस भी घर में बेटी का जन्म होता है और जब इसकी सूचना रोबिन को मिलती है तो वे तुरंत उन परिवारों को 5100 रुपए की राशि भेंटकर सम्मानित करने पहुंच जाते हैं।



## धूमधाम से मनाई गई महाराजा शूरसैनी जयंती

- जगह-जगह भंडारों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले भर में महाराजा शूरसैनी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कैथल शहर में इस उपलक्ष्य में दो जगह भंडारों का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति की अगुवाई में चंदाना गेट पर व महाराजा शूरसैनी सेवा समिति द्वारा गांधी नगर में भंडारों का आयोजन किया। दोनों जगहों पर सुबह हवन का आयोजन कर महाराजा शूरसैनी को नमन किया। चंदाना गेट पर आयोजित हवन में बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी सुरेश सैनी ने भाग लिया। उन्होंने समाज कल्याण के लिए 51 हजार रुपये की राशि भ्भी दी। साथ ही अपने संदेश में भाईचारे से रहने व महाराजा शूरसैनी के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। यहां स्थित महाराजा शूरसैनी शक्तिस्थल पर जाकर गणमान्य लोगों ने उन्हें नमन किया। चंदाना गेट पर समिति के प्रधान मोहन लाल सैनी, वरिष्ठ जजपा नेता पाला राम सैनी, सेवानिवृत्त प्रो. सीबी सैनी, पार्षद लीलू सैनी, पार्षद रामफल सैनी, पार्षद रिंकू सैनी, समिति के पूर्व प्रधान बीरभान सैनी, जजपा नेता हरिकिशन सैनी, महेंद्र सैनी, समिति सचिव संदीप सैनी, सरदार स्वरूप सिंह सैनी, निदेशक बिजली निगम ज्योति सैनी व अन्य ने महाराजा शूरसैनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसी प्रकार से गांधी नगर में महाराजा शूरसैनी सेवा समिति के प्रधान लछमन सैनी, टेका सैनी, पार्षद मोनू निरंजन सैनी, ओमप्रकाश सैनी, टोनी सैनी, राजू सैनी, दीपू सैनी, देवीदयाल, मोहन लाल, भाग सिंह, स्योरण सैनी, संदीप, अमर सिंह सैनी, कृष्ण सैनी, रूप चंद सैनी सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने महाराजा शूरसैनी को नमन किया। यहां भाजपा के एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रविभ्भूषण गर्ग भी विशेष रूप से महाराजा शेरसैनी को नमन करने पहुंचें। उन्होंने सभी को एकता का संदेश भी दिया। सभी ने संदेश में कहा कि महापुरुष किसी एक समाज के नहीं बल्कि पूरे समाज के होते हैं।



कैथल। महारजा शूरसैनी को याद करते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में सुबह प्रेयर में रोल मॉडल कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की सामान्य घर की एमएससी,बीएड पढ़ी-लिखी युवती पूजा ने बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को सामने रखकर अपने रास्ते पर चल कर मंजिल पाने के लिए प्रेरित किया। पूजा ने अपने संबोधन में कहा की जीवन की रूकावटों से कभी हार नही माने आप मंजिल की ओर चलेंगे तो रास्ता अपने आप सुगम होता जाएगा। पूजा ने जीवन से संबंधित अनेक प्रेरणादायक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि किस प्रकार के संघर्षों का सामना करते हुए आज शिक्षा प्राप्त की है। विद्यार्थी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। विद्यार्थियों को फोन की लत नहीं होनी चाहिए।

## हवन यज्ञ से होगा महोत्सव का शुभारंभ

- भव्य और अध्यात्मिक पूर्ण रूप से मनाया जाएगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव भव्य और अध्यात्मिक पूर्ण रूप से मनाया जाएगा। भाई उदय सिंह किला परिसर पर 22 दिसंबर को हवन यज्ञ से महोत्सव का आगाज होगा। इसी दिन विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ भी होगा। महोत्सव की श्रृंखला में 23 दिसंबर को सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से माता गेट से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ-साथ 22 व 23 दिसंबर को सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। डीसी प्रशांत पंवार बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों के बारे में चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर एडीसी सुशील कुमार, डीएमसी कुलधीर सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी उमेद सिंह, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे। डीसी प्रशांत पंवार ने गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महोत्सव का आगाज 22 दिसंबर को हवन यज्ञ से होगा, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विधायक लीला राम शिरकत करेंगे। इसके बाद प्रदर्शनी का शुभारंभ भी होगा। सायं को 5 बजे भाई उदय सिंह किला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग करेंगी। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पूरे महोत्सव के आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की पहले से ही बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ पूरे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एडीसी सुशील कुमार होंगे और शोभा यात्रा के नोडल अधिकारी एसडीएम कपिल कुमार होंगे। आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न करवाने हेतू अलग-अलग अधिकारियों की डयूटियां लगाई गई हैं। शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की बैठक भी ली गई है।



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि



राजौंद। कार्यक्रम भाग लेते हुए विद्यार्थी।

### खंड स्तरीय रीडिंग प्रमोशन मास प्रतियोगिता करवाई

**राजौंद।** खंड संसाधन राजौंद में खंड स्तरीय रीडिंग प्रमोशन मास प्रतियोगिता का आयोजन खंड संसाधन संयोजक कार्यालय में बलबीर सिंह कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें खण्ड के सभी स्कूल स्तर के विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बी ई ओ राजौंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा विभाग बच्चों की पठन और लेखन संबंधित प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रयास कर रहा है तो आप सभी को ऐसे कार्यकमाऱ् में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अध्यापकों को भी इसके लिए बच्चों को तैयार करना चाहिए ताकि वह 'यादा से 'यादा आगे बढ़ सकें। इस दौरान कार्यक्रम में अशोक कुमार, दीपिका बी आर पी व षिपाल ने अहम भूमिका निभाई और पवन कुमार, निर्मला बी आर सी व अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



### राजौंद की सड़कों पर फैला अतिक्रमण दे रहा प्रशासन को चुनौती, राहगीरों का जीना हुआ दुश्वार

**राजौंद।** सड़कों पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग ने वाहन चालकों व राहगीरों का जीना दुश्वार करके रख दिया है। दुकान के आगे रखा समान मुख्य मार्ग तक आ पहुंचा है। प्रशासन को नागरिकों व राहगीरों की सुविधा की कोई परवाह नहीं है। हर रोज अनेकों प्रशासनिक अधिकारी इन मागोंऱ् से गुजरते हैए लेकिन अतिक्रमण एवं मार्ग पर अवैध पार्किंग की ओर ध्यान देने की किसी ने आज तक जहमत नहीं उठाई। कैथल.असंध मार्ग, पूण्डरी .राजौंद मार्ग, पूण्डरी चौंक पर अतिक्रमण दिनोंदिन गंभीर समस्या का रूप लेता जा रहा है। बिना किसी अवरोध के फैल रहा अतिक्रमण प्रशासन की अनदेखी का परिणाम है। राहगीरों व वाहन चालक विजय कुमार, सतीश, रामबीर, राजकुमार ने प्रशासन से मांग की है कि बढ़ते अतिक्त्रमण पर प्रतिबंध लगाकर वाहन चालकों व राहगीरों को आए दिन होने वाली परेशानी से निजात दिलाई जाए। इन लोगों ने बताया कि अतिक्रमण से मार्ग पर जाम लगना एक आम बात बन चुकी हैए हर रोज लगने वाले जाम से आए दिन कोई न कोई अनहोनी घटना घटती ही रहती है।

### कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा

## एसडीएम इंटरनेशनल में करवाई खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के एस डी एम इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन अभिषेक शर्मा व डायरेक्टर अश्विनी कुमार शर्मा ने किया। स्कूल में चारों सदनों में राजगुरु, भगत सिंह, चंद्रशेखर, सुखदेव के बीच कबड्डी, बैडमिंटन वॉलीबॉल व कुछ अन्य की प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कबड्डी में अंडर 11वर्ग में भगत सिंह सदन प्रथम रहा व अंडर 14 में सुखदेव सदन प्रथम रहा तथा अंडर 17 में चंद्रशेखर सदन ने जीत हासिल की वॉलीबॉल में अंडर.17 में सुखदेव सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1600 मीटर दौड़ में अंडर 17 में सचिन चंद्रशेखर सदन से प्रथम रहे, जबकि वंश सुखदेव सदन से तीसरे स्थान पर रहे व चंद्रशेखर सदन से तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थी ने बढ़.चढ़कर भाग लेते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान जीतने वाले सभी हाउस में विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक समिति द्वारा परितोषित किया गया। डायरेक्टर अश्विनी कुमार शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए जीत की ओर बढ़ना चाहिए खेल के दौरान जीत व हार कोई मायने नहीं रखती। जीतने वाला खिलाड़ी अपने मुकाम को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत से तैयारी करते हैं, तो वह जीत अवश्य हासिल करते हैं। चेयरमैन अभिषेक शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ.साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को इसी तरह रुचि लेकर आगे बढ़ने का एक अवसर दिया जाता है ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ.साथ खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल माता.पिता गांव व नगर का नाम रोशन कर सके। इस दौरान प्रधानाचार्य संजीव शर्मा, प्रिया राणा, पीटीआई जय भगवान, राकेश शर्मा, राजीव शर्मा, सुनीता शर्मा व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



राजौंद। एसडीएम स्कूल में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य।

## खबर संक्षेप

### गांव ढूंढवा में खुला जिम चेयरमैन ने जताया आभार

**कैथल।** गांव ढुंडवा में जिम खुलवाने के लिए समस्त ग्राम पंचायत ढुंडवा ने जिला परिषद के चेयरमैन दीप मलिक तथा पार्षद बिजेंद्र कौलेखा का आभार जताया। चेयरमैन दीप मलिक ने कहा कि उनका मानना है कि युवाओं का भविष्य बनें और काबिल अफसर बनें। अपनी मेहनत से नशा से दूर रहे और खेलकूद में भागीदारी करें।

### विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी में लहराया परचम

**सफीदों।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों ने खण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने सुंदर-सुंदर मॉडल प्रस्तुत करके अपना दमखम दिखाया। प्राचार्य डॉ. योगेंद्रपाल सिंह ने प्रतियोगिता में अव्वल स्थान पर रहे लक्ष्य, प्रत्यक्ष, मयंक यादव, आदित्य, पारस और जसन को पुरस्कृत किया।

### वॉलीबाल व रस्साकसी के मैच करवाए

**कैथल।** बुधवार को नशा मुक्त हरियाणा मुहीम तहत गांव डोहर में डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह के नेतृत्व में शुटिंग वॉलीबॉल तथा रस्साकसी के मैचों का आयोजन करवाया गया। शूटिंग वॉलीबॉल में गांव डोहर, खेड़ी गुलाम अली, कवारतन, सीवन व जिला पुलिस की टीम द्वारा भाग लिया गया। जिसमें फाइनल मुकाबले में जिला पुलिस टीम द्वारा गांव खेड़ी गुलाम अली की टीम को 21-17 से पराजित किया।

### विकास तंवर ने खिलाड़ी पारुल को किया सम्मानित

**पूंडरी।** महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में हरियाणा की खो-खो टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। हरियाणा की टीम में गांव डुलयानी की बेटी पारुल ने अद्भुत योगदान देकर अपने गांव, जिले व राज्य का नाम रोशन किया है।

### स्व-प्रमाणित करने वाले का पूरा ब्याज होगा माफ

**उचाना।** शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) के एनडीसी पोर्टल पर जो भवन मालिक 31 दिसंबर तक अपना डेटा स्व-प्रमाणित करेंगे उनका पूरा ब्याज माफ होगा। अगर किसी की आईडी में क्षेत्र, राशि, नाम, कैटगरी या अन्य से संबंधित गलतियां हैं तो उनको आवेदन करना होगा। उचाना नपा सचिव विक्रमजीत सिंह ने बताया कि लोगों को योजना से अगवत करवाने के लिए मुनियादी करवाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी शुरू किया गया है।

### राजकीय मॉडल स्कूल में बांटी जर्सियां

**सफीदों ।** नगर की रविदास बस्ती स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में बुधवार को समाजसेवी सुनील कुमार ने स्कूली बच्चों को जर्सी वितरित की। इस मौके पर प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह व राज्य शिक्षक अवार्डी विक्रम मलिक विशेष रूप से मौजूद थे।

---

### पॉलीथिन वेस्ट से प्रोडक्ट तैयार करने वाली फैक्टरी पर दी दस्तक

# छापेमारी करने पहुंची सीएम फ्लाइंग को बदबू ने किया बेहाल, थमाया नोटिस

- पॉल्यूशन विभाग ने फैक्टरी संचालक को अनियमतता बरतने पर सौंपा नोटिस
- फैक्टरी परिसर में पड़ा पॉलीथिन वेस्ट मार रहा था सड़ांध
- गंदे पानी के निपटान का नहीं मिला कोई प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। फैक्टरी में काम करते हुए मजदूर व बदबू के चलते मुंह ढापे हुए मजदूर। फोटो :हरिभूमि

सीएम फ्लाइंग तथा पोल्यूशन विभाग की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट प्लास्टिक से प्रोडेक्ट तैयार करने वाली फैक्टरी पर छापेमारी की। छापेमारी करने वाली टीम को फैक्टरी के वेस्ट से उठने वाली बदबू ने बेहाल कर दिया। फैक्टरी के संचालन में नियमों की उल्लंघना पाए जाने पर पोल्यूशन विभाग ने फैक्टरी संचालक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई पोल्यूशन विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट प्लास्टिक से प्रोडक्ट तैयार किए जाते हैं। जिसमें कार्य नियमों को ताक मे रख कर किया जा रहा है। वेस्ट से उठने वाली बदबू से लोगों का भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहां काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर पर भी विपरित प्रभाव पड़ सकता है। सीएम फ्लाइंग के इंसपेक्टर राजदीप के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें सब इंसपेक्टर चरण सिंह तथा भगवान सिंह तथा पोल्यूशन विभाग के एसडीओ अनिल कुमार भी शामिल हुए। टीम ने दस्तक दी तो वहां लगभग डेढ़ दर्जन मजदूर काम करते मिले। काफी मात्रा में पॉलीथिन वेस्ट पड़ी थी। जिसमें से बदबू उठ रही थी। फैक्टरी में प्रयोग होने वाले पानी की निकासी को कोई प्रबंध नही था। टीम में शामिल पोल्यूशन विभाग के अधिकारियों ने फैक्टरी संचालक को अनियमतता बरतने पर नोटिस जारी किया है।

#### बदबू ने सीएम फ्लाइंग को किया बेहाल

सीएम फ्लाइंग ने जब फैक्टरी में दस्तक दी तो वहां वेस्ट से उठने वाली बदबू ने टीम को बेहाल कर दिया। नाक तथा मुंह पर रूमाल रखने पर भी चैन नही पड़ रही थी। टीम ने फैक्टरी से संबंधित दस्तावेज मंगवाए और दूरी पर जाकर उन्हें जांचा। टीम ने इतनी बदबू के बीच मजदूरों के काम करने पर भी हैरानी जताई ओर बदबू से मजदूरों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता जताई। जिस पर टीम ने फैक्टरी संचालक को नसीहत के साथ चेतावनी भी दी। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर पॉलीथिन वेस्ट फैक्टरी पर दस्तक दी थी। वहां पर बदबू बहुत 'यादा उठ रही थी। गंदे पानी के निपटान की कोई व्यवस्था नही थी। संचालन में अन्य अनियमितता भी पाई गई। पोल्यूशन विभाग ने फैक्टरी संचालक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई पोल्यूशन विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।

---

## उल्टा चश्मा




### चक्की के सहारे नैया पार की आस



चुनाव को लेकर न जाणे के कै पापड़ बेलणे पड सैं, कोई बस चल्यारा सै, कोई पाणी के टैकर भी इलाके मे भेज रै सै, आजकल चक्की की भी चर्चा हो री सै, टिकट की दौड़ में शामिल नेता ने भी अपणी चक्की विस में छोड़ी है। जो गली मौहल्ले में जाकर आटा पिसाई कर रही है। जो आटा पिसाव उसका नाम तथा पता व मोबाइल नंबर नोट कर लै से ओर लिस्ट बना के नेता के पास पहुंचा देंवे से, फिर नेता को मैसज भी लोगों तक पहुंच जावै सै, अब चक्की नेता जी विस पहुंचावैगी।

### सदन में धमकाया, बंदा बना दूंगी, बिगड़ा कि सेका नी

धमकी देने पै मामले दर्ज हो जावै से, पुलिस भी लठठ ठाए पीछे फिरे 'या सै। ईब विस मे मामला उठा था छात्राओ से छेडाछाड का, जिसमें पहल्म आल्ये तथा इब आल्ये चौधरियां में खींच तान होग्यी, खूब हा हुल्ला होया। फेर के था पहले चौधर मे रही पूर्व मंत्री का पारा चढय ग्या अर इब के चौधरी को बदा बणाण की धमकी दे दी। थोड़ी देर रोल्या होक्य मामला शात,सारी बांता की वीडियो भी बणी अर रिकोर्ड भी होई, फेर किसी न कुछ नी करा, लोग न्यू कहवै से अर जे या धमकी आम आदमी ने दे राख्यी होंती।

### हुड्डा घर आया तो कईया के लागे मरोड़े



कांग्रेस नेता छोटे तथा बडे हुड्डा की आच्छी पकड़ लोगां मे सै। टिकट खातर आगे पाच्छ खूब धम्मा चौकड़ी मचाए राख्य सै। अपने हिसाब किताब तै जुगाड मे अपणी टिकट भी पक्की मान रे सै। पीछले दिन बडे हुड्डा जींद के एक युवा नेता के घर पहुच गए। फिर के था कई लोगां के मरोडे लाग्यगे। इब कोण समझावै यू युवा नेता लोगां के बीच खडा रहवै सै। उसका अपणा रसूक सै अर कोई दग भी कौन्यी, समाज सेवा तो उसकी सारे देख सै।

### बदल गई राजनीति, लोगां के बीच जाणा पड़ेगा



विधानसभा मे जाण का ख्वाब देखणा गलत बात कौनी, फेर उस खातर लोगां के साथ रसूक होणा भी जरूरी सै, पहले चौधर आल्यां के दम पर करी थी। इब टेम भी बदल ग्या और राजनीति करण के तौर तरीके भी। इब नेता जी पुरानी चौधर आल्ये तौर तरीकां तै चाल्य रै से, इब कोण समझावै के लोग इब पार्टी की बजाय प्रत्याशी के साथ उसके नेता ने देख्य सै, सबतै बडी बात उसका खुद के साथ रसूक देख्य सै। नेता आया तो चेहरा दिखा दिया। बाकी रहवै गायब,या जनता सै सब जाण सै। लोगां के बीच जाणा पडेगा।

### इसा हो जावै तो सपना देखा वह पूरा हो जावै




एक बड़ा नेता की इलाके के साथ उपर तक तूती बोल्या करती, पिछले दो साल से तै इसा काम हो रै सै कोई नी पूछता, रोल्या भी खूब राख्या, पूछा फेर भी नी, ईब जिन रा'य मे चुनाव होए उनमे भाजपा की सरकार बणी तो नेता जी शात हो गए। हालात देख लिए बाहर जितना रोल्या करै सै। परिणाम उल्टे आवै सै, इब नेता जी सोंच रहे सै चुप रहणा ठिक सै, आगे चुनाव से कदे राजस्थान, एमपी और छतीस गढ की तरह जो सपना देख रहा था वो पूरा हों जावै।

---

# रामेश्वर बने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन राजौंद के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


राजौंद। नव नियुक्त प्रधान व उप प्रधान के साथ संगठन के सदस्य।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के खंड स्तर के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए। महाराणा प्रताप स्कूल राजौंद के प्रांगण में हुए इस चुनाव प्रक्रिया में पूर्व प्रधान रणवीर राविश और जिला प्रधान प्रदीप कसान की मौजूदगी में हुए इस चुनाव में सर्वसम्मति और सौहार्द के साथ रामेश्वर धानिया को अगले सत्र के लिए प्रधान चुना गया। इस दौरान यूनियन द्वारा यह फैसला लिया गया कि आगामी दो सत्रों के लिए यह प्रधान पद की सीमा बढ़ाई जाए। इसके अतिरिक्त संजीव कुमार को उप प्रधान, सुल्तान सिंह को निर्विरोध सचिव चुना गया। इस दौरान बेहतरीन कार्य से प्रदीप राणा को तीसरी बार कोषाध्यक्ष की हेट्रिक लगाते हुए चुना गया। जिला प्रधान तथा अन्य साथियों द्वारा नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल माला पहना कर शुभकामनाएं दी गई। सभी नें छात्र हितों और विद्यालय हितों को ले कर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस दौरान विद्यालयों से स्कूल संचालक और यूनियन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### भवन निर्माण कामगार यूनियन की बैठक

**जुलाना।** लेबर शेड में भवन निर्माण कामगार यूनियन की एक बैठक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने की। बैठक में मजदूरों को संबोधित करते हुए मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि मजदूरों को सरकार की अनदेखी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि मजदूरों को वेरिफिकेशन नही होने से काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई-कई वर्षों से मजदूरों को श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा दिया जाने वाला लाभ नही मिल रहा है।

---

# विधायक रामनिवास ने विस में उठाए नरवाना हलके के विकास के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना


जींद। विधानसभा में अपने मुद्दे रखते हुए।

नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने विधानसभा के चल रहे शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन नरवाना हल्के के विकास से जुड़े अहम मुद्दों व आमजन की मांगों को सदन में उठाया।

विधायक रामनिवास ने नरवाना नगर परिषद की सीमा विस्तार को बढ़ाए जाने का विषय रखा, दूसरे विषय में विधायक ने बिजली विभाग में ठेका प्रथा के तहत लगे मीटर रीडरों को एचकेआरएन में शामिल करने की मांग की, तीसरे विषय में मनरेगा मजदूरों को ईलाज हेतु 10 लाख रुपए व दुर्घटना में निधन हो जाने पर 50 लाख रुपए देने की मांग की, चौथे विषय में टीजीटी पद के लिए निकली 7471 पदों पर अध्यापक भर्ती का परिणाम जारी करने की मांग रखी, किसानों के विषय पर विधायक रामनिवास ने कहा प्रदेश में किसानों का खेती से मन टूट रहा है और वे विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं जो कि भविष्य के लिए बुरे संकेत हैं। किसानों को खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें अनुदान राशि के रूप में फसल पैदा करने के लिए डीबीटी के जरिए पैसा दिया जाए और फसल बिक जाने के बाद उन पैसों को काट लिया जाए।

वहीं परिवहन विभाग में वर्ष 2002 में लगे बस चालकों को नियमित करने व एनपीएस से जीपीएफ में डालकर पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग की। इसके अलावा लिखित रूप से नरवाना शहर के चारों ओर रिंग रोड निर्माण की मांग रखी। विधायक रामनिवास ने कहा उनके पास जो भी समस्याएं जनता के बीच से आती हैं।

---

# सड़क सुरक्षा मंच ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

- नवनिर्मित सड़कों में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


गुहला-चीका। एसडीएम कार्यालय में धरना देते हुए सुरक्षा मंच के पद अधिकारी।

गुहला की सडकों की हालत को लेकर सुरक्षा मंच के सदस्यों ने आज एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना दिया। धरने की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान जीवानंद कौशिक ने की। धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 42 दिन के अनशन के बाद सड़क सुरक्षा मंच और प्रशासन के बीच इस बात को लेकर समझौता हुआ था कि नई सड़कों का निर्माण करते वक्त,निरीक्षण कमेटी मे सड़क सुरक्षा मंच के सदस्यों को शामिल किया जाएगा लेकिन उस कमेटी मे किसी भी सदस्य को शामिल नहीं किया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि जो सड़क बनाई गई उनमें घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया । सड़कें 1 साल से पहले ही उखड़ गई। कुछ सड़कों का आज तक निर्माण ही नहीं हुआ। जिसमें रामनगर से लेकर समान, गुहला से लेकर भाटिया, हरिगढ़ किंगन से लेकर सिंह ऐसी सड़के हैं जिनका अभी तक टेंडर भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बार-बार अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देने के बावजूद उसी ठेकेदार को ठेका दे दिया गया जो पूर्व में घटिया सामग्री लगाने के लिए विख्यात है। उन्होंने कहा कि गुहला जुलाई माह के अंदर भयंकर बाढ़ आई थी। हरियाणा में सबसे ज्यादा बाढ़ का असर गुहला मंडल के ऊपर पड़ा जिसमें अनेक लोग बेघर हो गए। अनेक लोगों के पशु मर गए लेकिन किसानों को सहायता के नाम पर बंदर बांट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुहला को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बनाया जा रहा है। प्रत्येक दफ्तर में कोई भी अधिकारी और कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचता। एक फाइल को इधर से उधर करने के लिए रिश्वत की मांग की जाती है। उन्होंने मांग की कि भ्रष्ट अधिकारियों पर सरकार संज्ञान ले। सड़कों पर आवारा पशुओं की भरमार है। जिसके कारण प्रत्येक दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं आसपास के गांव की फसलों को आवारा पशुओं की वजह से नुकसान होता है।

---

# गीता जयंती आयोजन स्थल का एडीसी ने किया निरीक्षण

- श्रीमद्भागवत गीता का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे एडीसी।

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने आयोजन स्थल पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव दीवान बाल कृष्ण रंगशाला में 22 दिसंबर से 23 दिसंबर तक बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। चूंकि गीता जयंती समारोह से लोगों की धार्मिक भावनाएं भी जुड़ी है, इसलिए इसमें कोई विभाग किसी प्रकार की कोताही न करें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए कि वे 21 दिसंबर सायं तक अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर समारोह स्थल को फाइनल टच दें और समारोह स्थल पर पानी का छिडक़ाव अच्छी तरह से हो ताकि धूल के कण हवा में न उड़े। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित स्टॉल लगाएं और गीता जयंती में आने वाले लोगों को सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधा उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि 'यादा से 'यादा व्यक्तियों को इस महोत्सव में शामिल करें ताकि श्रीमद्भागवत गीता का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाया जा सके। गीता जयंती महोत्सव के मुख्य द्वारा भी लगाए जाएंगें। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे।

---

**कवायद** निपुण भारत योजना के तहत डीपीआईयु बैठक का आयोजन

# खंड शिक्षा अधिकारियों को मिला 60 बच्चे निपुण बनाने का लक्ष्य

निपुण भारत योजना के माध्यम से बच्चे संख्यात्मक ज्ञान भी कर सकेंगे प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी कि अध्यक्षता में निपुण भारत योजना के तहत कक्षा पहली से तीसरी के बच्चों को स्थायी ज्ञान मिले इसके तहत राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय बुढाखेड़ा में डीपीआईयु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारी, सभी खंड संसाधन समन्वयक, डाइट से दो वरिष्ट प्रवक्ता, डीपीसी ऑफिस से सभी एपीसी, सभी ब्लाक कोर्डिनेटर एफएलएन, सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हुए। खंड शिक्षा अधिकारियों को 60 बच्चे निपुण बनाने का लक्ष्य दिया गया। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि फाउंडेशनल लिट्रेसी एंड नयुमरेसी द्वारा प्रत्येक बच्चे को तीसरी कक्षा के अंत तक पढ़ने, लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता उपलब्ध करवाई जाएगी। यह योजना बच्चों के विकास के लिए एक अत्यधिक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। निपुण भारत योजना के माध्यम से बच्चे समय से आधारभूत शास्त्र एवं संख्यात्मकता का ज्ञान प्राप्त कर पाएंगे। जिससे बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास अधिक वृद्धि से होगा। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा मिले तथा साथ ही उनमे आगे बढ़ने कि प्रेरणा व प्रोत्साहन मिले।

#### हर हाल में लक्ष्य हासिल करेंगे

*जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने बताया कि रीडिंग कंप्रीहेंशन, प्रिंट के बारे में अवधारणा, शब्दावली, मौखिक भाषा का विकास, लेखन, डिकोडिंग, ध्वनि के माध्यम से जागरूकता, पढ़ने की संस्कृति,पढ़ने का प्रभाव ये सभी मूलभूत भाषा और साक्षरता के मुख्य घटक है तथा नंबर एंड ऑपरेशन ऑन नंबर, पैटर्न, आकार एवं स्थानिक समझ, डाटा संधारण, माप तोल, गणितीय संचार, फ्री नंबर अवधारणा प्रारंभिक गणित के मुख्य घटक हैं।*

इसके लिए जिला स्तर पर अनेक गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। सभी प्राथमिक शिक्षकों को छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। स्कूलों में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन के लिए सम्मानित भी किया जा रहा है। बच्चों को गिनती, पहाड़े, सुलेख, प्रतियोगिता से प्रेरित किया जा रहा है। ये गतिविधियां शिक्षक क्षमता निर्माण, उच्च गुणवत्ता और विविध छात्र और शिक्षक संसाधन, लर्निंग सामग्री का विकास और सीखने के परिणामों को प्राप्त करने में प्रत्येक बच्चे की प्रगति पर नजर रखने के लिए हैं। सभी शिक्षकों द्वारा विभागीय निर्देशों कि पालना करते हुए शिक्षण कार्य करवाया जाए। शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग करें, साप्ताहिक आंकलन करें, कमजोर बच्चों को अलग से 30 मिनट का अतिरिक्त समय दें।